# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आज जारी होगी अधिसूचना। पच्चीस अक्टूबर तक किये जायेंगे नामांकन, तेरह नवम्बर को होगा मतदान।
- मां दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के दौरान बहराइच में युवक की हत्या और हिंसा मामले में कल पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपी हुए घायल। तीन अन्य किये गये गिरफ्तार।
- रेलवे ने बदला टिकट रिजर्वेशन का नियम। अब एक सौ बीस दिन की जगह साठ दिन पहले ही करा सकेंगे टिकटो की बुकिंग।
- केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना में उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक नामांकन करा कर हासिल किया पहला स्थान।
- बाराबंकी में आज से शुरू हो रहा है दस दिवसीय देवा मेला।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन शुरू हो जायेगा। इन सीटों पर नामांकन की अंतिम तिथि पच्चीस अक्टूबर है। नाम वापसी तीस अक्टूबर तक की जा सकेगी। इन सीटों पर तेरह नवम्बर को मतदान होगा। एक रिपोर्ट हमारे संवाददाता से–

***जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे उनमें कटेहरी, करहल, मीरापुर, कुंदरकी, फूलपुर, सीसामऊ, गाजियाबाद, मझावां और खैर शामिल हैं। इन नौ सीटों में से चार समाजवादी पार्टी के पास थीं, तीन भारतीय जनता पार्टी के पास, एक–एक भाजपा की सहयोगी निषाद पार्टी और सपा के पूर्व सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल के पास, जो लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हो गए थे। इन 9 सीटों में से आठ सीटें, सिसामऊ को छोड़कर, लोकसभा चुनावों में अपने विधायकों के सांसद चुने जाने के बाद खाली हुई थीं। सिसामऊ में, सपा विधायक इरफान सोलंकी को एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के कारण उपचुनाव हो रहा है। समाजवादी पार्टी ने पहले ही सात सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, जिसमें पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के चचेरे भाई तेज प्रताप सिंह यादव को करहल से उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा ने नामों की घोषणा नहीं की है, लेकिन मीरापुर को छोड़कर इन 9 सीटों में से 8 पर अपने उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है, जहां उसका सहयोगी रालोद उम्मीदवार उतारेगा।***

**********

मां दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन के दौरान बहराइच में युवक की हत्या और हिंसा के मामले में प्रदेश पुलिस ने कल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपी नेपाल सीमा से सटे नानपारा इलाके में पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ में घायल हुए हैं, जिन्हें गंभीर अवस्था में बहराइच जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बहराइच की पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार किये गये पांच आरोपियों के अलावा अन्य अभियुक्तों की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई हैं। सभी आरोपितों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी।

***पांच मुख्यअभियुक्त पुलिस के कब्ज़े में आ गए हैं। जिनमें दो अभियुक्त जिनका नाम मो तालीम औरमों सरफारज़ उर्फ रिंकू है इनकी निसानदेही पर पुलिस की टीम मर्डर वेपन की रिकवरीके लिए गयी थी। जो कि इन्होंने नेपाल बॉर्डर के समीप नानपारा में छिपा कर रखा हुआ था। वहां पर जब गए तो डीपीपीएल गन जो मर्डर में उपयुक्त हुई थी उसको लोडेड हालत में रखा गया था। और एक और असलहा इनके द्वारा वहां पर छिपा कर रखा गया था। इनके द्वारा पुलिस पर फायरिंग की गई।आत्मरक्षा में की गई पायरिंग उन दोनों को गोली लगी है।दोनों घायल हुए हैं। उन्हें पुलिसद्वारा उपचार उपलब्ध कराया गया है।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी बीस अक्तूबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वह सिगरा में संपूर्णानंद स्टेडियम के दूसरे और तीसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। सिगरा स्टेडियम में इनडोर और आउट–डोर दोनों खेलों की सुविधाएं हैं। हॉकी खिलाड़ी और ओलंपियन ललित उपाध्याय ने कहा कि इससे यहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे।

***जो इतनी बड़ी सौगात वो बनारसवासियों को दे रहे है। बनारस के खिलाड़ियों को दे रहे है उसका सभी खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा फायदा उठा के अपने परफारमेंस को और बेहतर बनायेंगे। सारे के सारे डटेडियम जो है सब अतंर्राष्ट्रीय लेवन के है। सबसे बड़ी बात ये है कि बनारस में पूरे पूर्वांचल का केन्द्र बिन्दु है तो वहां के और ज्यादा प्लेयर्स आ सकते है और सुविधाओं का लाभ उठा सकते है जिससे आगे चलकर अच्छे खिलाड़ी देखने को मिलेंगे और उसके साथ देश को मेडल लाने वाले खिलाड़ी वहां से निकलेंगे।***

**********

वाराणसी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर गंगा नदी पर रेल रोड ब्रिज का निर्माण जल्द शुरू किया जाएगा। दो हजार छः सौ बयालीस करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस पुल को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एस.एम. शर्मा ने बताया कि यह मल्टी–ट्रैकिंग परियोजना वाराणसी और चंदौली जिलों से होकर गुजरेगी।

***ये डेढ़ सौ साल के हिसाब से जितना ट्रैफिक आएगा उसके हिसाब से इसको डिजाइन किया गया है। तो ऊपर में छह लेन की हाईवे चलेगी और नीचे चार लाइनें, अभी जो हम देखें जो मालविया पुल है उसमें नीचे दो ही लाइनें चलती हैं। सो इससे अब चार हो जाने पर जो कैपेसिटी है मोरे थान डबल हो जाएगी, तो जितनी भी गाड़ियाँ हम चला रहे हैं, उससे कहीं ज्यादा हम चला पाएंगे और ईस्ट और नॉर्थ को हम इस गंगा पुल के थ्रो कनेक्ट कर पाएंगे।***

इस फैसले पर वाराणसी और चंदौली के लोगों ने खुशी जताई है। चंदौली के फल और सब्ज़ी व्यापारी नारायण प्रसाद ने कहा कि इस पुल के निर्माण से व्यापारियों को समय से कच्चा माल मिल सकेगा।

**ये तो बहुत खुशी की बात है, अगर नया पुल जो बन जाता है तो आवागमन में हम लोगों का फल, सब्जी, कच्चा व्यापार है। आने जाने में सुविधा हो जायेगी, जो ऐसे घुमाकर आना पड़ता था, घुमा कर जाना पड़ता है, ट्रांसपोर्ट खर्च ज्यादा आता था।**

**********

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने सत्ताइस अक्तूबर को होने वाली यूपीपीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा को स्थगित कर दिया है। इस परीक्षा के अब दिसम्बर के मध्य में कराये जाने की सम्भावना है।

**********

रेल मंत्रालय ने एडवांस टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव किया है। अब यात्री साठ दिन पहले ही टिकट की बुकिंग करा सकेंगे। पहले यह अवधि एक सौ बीस दिनों की थी। यह नियम एक नवंबर से लागू होगा। रेल मंत्रालय के अनुसार एडवांस टिकट बुकिंग के नए नियमों का पहले से बुक किए गए टिकटों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**********

उत्तर प्रदेश ने इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत देश में सर्वाधिक दो लाख दस हजार तीन सौ सैंतालीस नामांकन कराकर प्रथम स्थान हासिल किया है। केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इस योजना का उद्देश्य कक्षा छः से दस के छात्रों में नवाचार और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष का ऑनलाइन नामांकन एक जुलाई से पन्द्रह अक्टूबर तक चलाया गया था। इस योजना में देश में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले पचास जिलों में उत्तर प्रदेश के बारह जिले शामिल हैं।

**********

बाराबंकी में सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैयद कुर्बान अली शाह की स्मृति में आयोजित होने वाले दस दिवसीय देवा मेले और प्रदर्शनी की शुरूआत आज से होगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी खेल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण होंगे। ऑल इण्डिया मुशायरें का आयोजन भी किया जायेगा। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि मेले में आने वाले लोगों की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

**********

फर्रुखाबाद के संकिसा में चल रहे बुद्ध महोत्सव में कल श्रीलंका, चीन ,म्यांमार, इंडोनेशिया के बौद्ध धर्म के अनुयायी पहुंचे। वहां उन्होंने पूजा अर्चना सम्पन्न की। बुद्ध महोत्सव में जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। जगह जगह ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

**********

बीसीसीआई की सीनियर महिला टी–20 प्रतियोगिता के ग्रुप डी मुकाबले कल से लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में शुरू हुए। कल सुबह सिक्किम और त्रिपुरा के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें त्रिपुरा ने बहत्तर रनों से जीत दर्ज की। वहीं हिमाचल प्रदेश और केरल के बीच हुए मैच में हिमाचल प्रदेश ने आठ विकेट से जीत हासिल की।

**********

प्रदेश भर में कल महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर चित्रकूट के बाल्मीकि आश्रम लालापुर में वाल्मीकि रामायण पाठ ,भजन, कीर्तन और हवन किया गया।

**********